समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

# चीन पर अमेरिकी पाबंदियों के बीच भी Nvidia की कमाई मे जबरदस्त उछाल, AI चिप्स ने दिखाया दम।

Publisher

Published on | 29 May 2025




## चिप कंपनी Nvidia का रेवेन्यू पहली तिमाही मे 44.1 अरब डॉलर के पार, डेटा सेटंर और AI चिप्स की भारी डिमांड ने बढ़ाया मुनाफा।

**नई दिल्ली :** भले ही अमेरिका सरकार ने **चीन को Nvidia की AI चिप्स के निर्यात पर सख्त पाबंदियां लगा दी** हों, लेकिन इसका कंपनी के मुनाफे पर कोई बड़ा असर नहीं पड़ा। अमेरिकी चिप निर्माता कंपनी **Nvidia Corporation** ने वित्त वर्ष 2026 की पहली तिमाही में **$44.1 बिलियन डॉलर** का **रिकॉर्ड रेवेन्यू** दर्ज किया है, जो साल-दर-साल आधार पर 69 प्रतिशत की भारी वृद्धि है।

कंपनी की **नेट इनकम** भी तगड़ी बढ़ोतरी के साथ **$18.8 बिलियन डॉलर** तक पहुंच गई है। खास बात यह रही कि कंपनी को चीन को **AI चिप्स H20** न भेज पाने से करीब **$4.5 बिलियन डॉलर** का नुकसान हुआ, फिर भी उसने जबरदस्त प्रदर्शन किया।

### डेटा सेटंर बना कमाई का सबसे बड़ा स्रोत

**Nvidia** की आमदनी में सबसे बड़ा योगदान उसके डेटा सेंटर डिवीजन का रहा, जिसने **$39.1 बिलियन डॉलर** कमाए, जो कुल राजस्व का लगभग 88% हिस्सा है। **OpenAI** और **Microsoft** जैसी कंपनियों से बड़ी डील्स और **ब्लैकवेल GPU** की भारी मांग ने इस ग्रोथ को मजबूती दी।

### AI की बढ़ती जरूरत बनी ताकत

**Nvidia के CEO जेन्सेन हुआंग** के अनुसार, AI अब सिर्फ तकनीक नहीं बल्कि भविष्य की बुनियादी जरूरत बनता जा रहा है, जैसे बिजली या इंटरनेट। कंपनी के **Blackwell AI सुपरचिप्स और AI सर्वर इंफ्रास्ट्रक्चर** की मांग में वैश्विक स्तर पर तेजी देखी जा रही है।

इनकम और मार्जिन में भी मजबूती

१. **Net Income: $18.8 बिलियन (YoY ग्रोथ : 26%)**

२. **Per Share EPS: $0.76**
३. **Gross Margin (GAAP): 60.5%**
४. **Gross Margin (Non-GAAP): 71.3% (Excluding China impact)**

### चीन पर प्रतिबंध फिर भी कम नहीं हुआ दबदबा

भले ही **Nvidia** को चीन को चिप्स बेचने से रोक दिया गया हो, पर कंपनी ने **H20 चिप्स** के लिए अन्य **एशियाई और यूरोपीय बाजारों** में रणनीति बनाई है। अनुमान है कि Q2 में कंपनी का **रेवेन्यू $45 बिलियन** तक जा सकता है, जिसमें चीन से हुए संभावित नुकसान को भी शामिल किया गया है।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: THE VIEWS/CONTENTS EXPRESSED/PRESENTED HEREIN, WITHIN THIS ADVERTORIAL AND PROMOTIONAL FEATURE ARE THE SOLE AND EXCLUSIVE RESPONSIBILITY OF INDIVIDUAL CLIENTS/EXPERT/THEIR AUTHORISED REPRESENTATIVE/PUBLISHER, TO WHICH EFFECT, PUBLICATION HOUSE/ITS REPRESENTATIVE/AFFILIATES ARE NOT RESPONSIBLE/LIABLE WHATSOVER.